वॉरिव्यन किच़ फ्रूंच़ पे'न्य्, वॉरिव्य् गरस किच़ ब्रांदुं कॅन्य्,
तेशल शर्मदार सॅन्य् तुं हे'न्य्, नरमी मिज़ाज़ुंच ज़न तुं थॅन्य्,
ये'मि बरुं नुं मंगुंवुन नेरि छो'र, खॉतिर पछ़्यन ये'ति वाति दो'र,
गरिचन कथन य्वसुं थावि ठो'र, वॉरिव्य् गरस ये'मि लोल बो'र,
म्वहॅबत छु तस न्वशि डे'जिहो'र।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

म्वहॅबत आनमॉनी,
तुॅ समचार पानुॅवॉनी,
वनुय चॉनी तुॅ म्यॉनी,
दिल दूरयर दिवॉनी,
दो' सिन्फे मादुॅ तय नर,
छि बाहम शीरो शक्कर,
यिमय यकसान थॉविथ,
अख ॲक्य् सुंद मान थॉविथ,
अहम् गालुन छु म्वहॅबत।

माजि हुंदी पॉठ्य ख्यावन,
हमशेरुॅ हिश लोल बावन,
रॅफीका दो'ख्तर ज़न,
गरुॅ म्वहन्युव द्वहॅदिश रन,
पान पूॅरिथ शब प्रारन,
रातस छि पुशुॅरन तन,
ब्यमारस मॉज तुॅ दाये,
बे'ज़ारस ह्यमथ तुॅ राये,
तंग दस्तस हाजत रवाये,
ग्वनाह गारस बुतुॅरॉच़ आये,
म्वहॅबत छि रनि हुॅन्द्य् रंग।

ज़ीनिथ ॲनिन आनुॅ च़ोर,
सामानुॅ बो'रुन गरस सोर,
नेरनुॅ वक्तुॅ हिदायत,
ॲच़िथ बावथ हिसाब ह्यथ,
बबस क्युथ ओस तॅबीयत,
माजि मा ऑस कांह शकायत,
निकन कुस कुस सबक पो'र,
निचि मदुॅरसुॅ कुस कसुॅब को'र,
होवुॅरि तरफुॅ यिये अभयागथ,
कथ बाथ मुच़ुॅरिथ ड्यकुॅ माज़ुॅरथ,
बे'शूकिस वस या वरदन डॉल्य्,
लोलुॅ सान त्रावुॅन्य् बॉरियायि नॉल्य्,
बो'ड द्वह छुट्टी आथवार,
सॉरस तारुॅन्य् शालुॅमार,
निशात बागुॅच बालादॅर,
फिरुॅवुन त्रॉक्थि नरि मंज़ नॅर,
म्वहॅबत रून्य् सुंद द्वह बॅरिथ,
नालुॅ मो'त रनि सूॅत्य् चिरुॅ कॅरिथ,
रातस छु सपदुन हमबिस्तर।

म्वहॅबत माजि ममता,
मनस मंज़ कल तुॅ च़े'न्ता,
खबर छा ख्यो'न त्या के'न्ह,
खबर छा वारुॅ आस्या,
तॅमिस अदुॅ याद ललुॅवुन,
छुस त्या ब्रो'न्ह ति रोज़्या,
कॅरुॅन सीवा तुॅ शाबश,
को'रुन हुॅनुॅ दुॅनुॅ तुॅ ग़म क्याह,
अवलादुॅ ठोंचि छा मन,
हना ति मलूल सपदन,
अलबतुॅ लगन छि फिफुॅरन,
आरुॅ हॅच़ छि मॉज प्रुॅछ़न,
लो'गुय मा पो'त्रुॅ खोरस।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

को'ठ लूसिथ छु लूर अवलाद, गाश सूरिथ छु नूर अवलाद,
न्यचुव ऑसितन या कूर अवलाद, प्यव नय ओर छु तूर अवलाद,
बुडन पलज़ुन छु म्वहॅबत।

बडान पीरस छु वसवस, लगान छस नाहकुॅ व्वस द्रवस,
व्वत्सव आम या खास, खर्च लछ आसि या सास,
करुॅन्य् सातुॅ सातुॅ बावथ, प्रुॅछ़िथ मशवरुॅ थवुॅन्य् सथ,
बुडस यज़थ छु म्वहॅबत।

बुडुॅ छु लोसुॅवुन ऑफ़ताब, वुन्य नुॅ वुन्य् डलि बालुॅ पॅत्य,
बुडुॅ छु सुबहुक च़ोंग ज़न, गरि ज़ुॅ गरि ज़न रोज़ि अॅत्य्,
म्वहॅबत छु खॉतिर प्रारथिस।

बुडिथ हतिवुॅहुॅर्य ये'लि टोठ गुज़रन, द्वह गुज़रिथ युथ सिरियि लोसन,
लवाहक सॉर्य छि ओ'श हारन, च़्यन्तायि दाह, कबरि मे'च़ त्रावन,
परन फातिहा या श्राद्ध हावन, मलस त्रॉम्य् सादस भूज़ ख्यावन,
क्रिया करुॅन्य् तय द्युन तर्पण, र्म्वदुॅ सुॅन्द्य् नॉव्य मॅज़्य दिथ अन्न धन,
म्वहॅबत छु कांछुन विष्णुॅ भवन।

म्वहॅबत जाविदॉनी, म्वहॅबत ज़िंदुॅगॉनी,
म्वहॅबत दिल दिहॉनी, म्वहॅबत जांफिशॉनी,
तुॅ र्कुबॉनी छि म्वहॅबत।

दे'हस मंज़ आत्मा म्वहॅबत, शहस अंदर हवा म्वहॅबत,
छु अॅश्कस मंज़ वफा म्वहॅबत, खॅटिथ रोज़ान छा म्वहॅबत,
म्वहॅबत छि पोशिच गंद।

वनय कयाह कूत बावय, करय कॉच़ाह बॅ वखनय,
च़े' बिहिनय या मुॅ बिहिनय, [illegible] "रिंदन" को'ड यि र्निणय,
म्वहॅबत स्वख तुॅ सावय, म्वहॅबत मॉर्यफतुॅ मय,
दयस सूॅत्य लय छि म्वहॅबत।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ग़ज़ल

तॅम्य् सुॅन्दी अथुॅ फॅर्य तॅमिय,
सीनस तुॅ जिगरस ज़ॅद्य मे' कॅर्य।
दामुॅनस यस लाल जॅर्य मे',
लोलुॅ यस मे' प्यालुॅ बॅर्य।
राथ ताम ओस म्यानि द्रुॅयि,
म्यॉन्य् नाज़ बरदॉरी करान,
अज़ खबर कवुॅ दुॅय गॅयस,
कवुॅ म्यॉन्य् तस अंदाज़ खॅर्य।
वह्य को'रुस रुसवा तिमव,
यिम ज़न मे' वॉकुॅफि राज़ कॅर्य,
कुंज़ुॅ बरदारी दिच़म यिमनुॅथ,
तिम मे' यसलु फॅर्य।
म्योन हशर ड़ींशिथ पशेमान,
आलमन अफसूस ख्यव,
दोस्तव कॅड़य टॅप्य हकय,
पर चॅट्य हॅरीफव ताम फॅर्य।
ओ'श वो'थुस ददुॅरायि च़ाव,
प्रथ म्योन गमखारा गित्यन,
अॅश्कॅुं दादिक्य् हिजरुॅ नारुॅक्य्,
म्यॉन्य् ये'म्य् अफसानुॅ पॅर्य।
मीरि ज़िंदानन मे' कित्य् कम गो'ब्य्,
तुॅ दॅर्य वस बारुॅ गॅर्य,
हचि़ गुनुॅस्य, हटि हल्कुॅ बंद,
त्रॉव्यनम ग्वडन कम रोनि कॅर्य।
वोर करि हे जायि अॅकिसुॅय,

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

डंजि रोज़िहे हंज़ि दिल,
पानुॅ ओसुय बुॅ ति सॉत्य्,
आवारुॅ को'रनस दरबुॅदॅर्य।
ताकि वनि आलम यि गव,
दिल दादये जमहूर थो'द,
वुम्बुॅरातन प्यठ कॅशीर अख,
व्वन्दुॅ मज़ुॅरा थो'व नॅहॅर्य,
गरि नीरिथ यिम हवादिस,
यिम वे'खीप असि तुल्य् तुॅ ज़ॅर्य,
नमतुॅ ब्रो'न्ह नय दुश्मनन बापथ,
ति असि तिम ज़ांह ति सो'र्य।
गरुॅ रावुॅनन, बतुॅ तावुॅनन,
नो'न छावुॅनन कस थॉव त्वछ़,
अज़ छि पेमुॅत्य बिस्तरन,
यिम राथ तान्य् ऑस्य ॲर्य तुॅ दॅर्य।
ज़्यादुॅ यूता आव बनावथ,
त्यूत आव बटन बॅनिथ,
पानुॅसुॅय कुठुॅरावनुॅ बापथ,
नॅव्य् कॅड़िख इसराफ दॅर्य।
अक़्ल–ो–दॉनिश, इल्म–ो–हुनर–ो,
हुस्न–ो–तॅहज़ीब–ो शॅऊर,
ॲस्य् छि मालामाल अम अपुज़,
आन मॉनी निशि छि छ़ॅर्य।
च़ॅल्य् अवामस कति दल्यदर,
वतुॅनसुॅय अगादि गॅय,
नाअहल हॉकिम सियासतदान,
लूटर, लुख ति च़ॅर्य।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

दॅह कमावन वॉल्य् छिनु अज़,
अख नफर पॉलिथ ह्यकान,
के'न्ह बडेयि आकांक्षा, के'न्ह,
ख्वद गरज़ गॅयि लुख ति चॅर्य।
क्याह वनय हय्यथ गरिच,
पशस छु गोमुत ज़न पर्युन,
तापुॅ छुस गाहे दज़ान,
गाहे गछ़ान छुस रूदुॅ सॅर्य।
यिम बॅठिस प्यठ वोंथ वुछिवुॅन्य्,
रूद्य तिमय क्वलि यीरुॅ गॅय,
लोलुॅकिस दॅरियावुॅ सनिरस,
फॅट्य यिमय तिम तारुॅ तॅर्य।
सादुॅगी ईमानदॉरी लछ़ि,
गछ़ान फाकय थवान,
चापलूसी मान द्यावान,
साल ख्यावान ज़ीठ्य नॅर्य।
नो'न छु खॉलिख कूत गछ़ि,
आसुन खॅसिथ आशक मिज़ाज़,
लोलुॅ युथ तॅम्य् मरमरीं अंग,
नक्शो'ने'ह चॉन्य् गॅर्य तुॅ चॅर्य।
कांह नज़र पिलि हर्फ यियि यिनुॅ,
खोलनुॅ ब्रो'न्ह बोतल "रिंदन",
दारि बर त्रवपरिन, थॅविन,
चुॅर्न्यन बॅर्यन ताम परदुॅ ठॅर्य।

1. स्वार्थी पंडित जवाहर लाल नेहरू

2. 1990, 3. काशमीरी पंडित

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

वाय! बो'ड बोर छुम शानन प्यठ

व्वथुॅ किथुॅ पोवनस अडुॅले'क्य् पानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।
रेज़ुॅ छिम गॉमुॅत्य् तानन तानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
होल छुम मनि तय तन छम दॉगी,
वनुॅ कस हियि रोव नॉगीराय।
लॉन्य् बो लॉजनस अॅश्कुॅन्यन वानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
दूरन ग्राय ये'लि कॅर दुरदानन,
शाहमार यलुॅ गोस शानन प्यठ।
ट्वफ दिथ पोवनस त्रेशि भुजगानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
जोदूगारस पूर्य ऑस्य् तुलुॅनय,
दिल म्योन कदुॅमन वलुॅनय आस।
रज़ि ज़न पान वो'ल अॅश्कुॅ पेचानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
शीरीं कॅलिमन ख्वश खंदानन,
रातुॅच नियिनम ने'दुॅर तुॅ ने'ह।
श्रक्न्य् श्रवन्य् करुॅवुॅन्य् र्वनि दामानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
आशिकव तुजिहय कॉच़ाह खॉरी,
या पीरुॅ आलुॅमस यॉरी कर।
अमि शायि गंजिमय दशि अस्तानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
त्रुॅशि–त्रुॅशि सो'न्बरिथ ओलाह यूरुम,
सोर बरुॅनोवमस लोलुॅ सामान।
त्रॅटि को'र दॅदुॅवनुॅ आनन फानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

वयि रो'स त्रावुं क्याह खोलो बानस,
छ़रि अथुं गछुं कथ वानस प्यठ।
गटुं छम तुजिमुंच़ दुंह्य लद दानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
नासिहन पो'रुंनम सुबुंहन तुं शामन,
मतुं मालि लामुंन्य् लामुंन्य् फेर।
वे'परुंनुं द्युतनम नुं पनुंनी पानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
टे'कि सॉत्य् क्याह गव डे'कि गछ़ि लारुन,
कनि प्यठ गुंह्य गुंह्य सॅजिदुक दाग।
मनु कलि माय ह्यथ खस अस्तानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
कलुं ये'लि को'डुंनस शेतान खानन,
वारुं–वारुं च़ाव हयवानन मंज़।
इन्सॉनियथ यनुं त्रॉव इन्सानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
वॉयिज़न सिर बोव ईमानदारन,
कॉफिर छि सॉरी जहनमगार।
हूरुं छन लेछिमच़ुं मुसलमानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
बटुं वो'थ व्यथुं बल संध्या कालन,
मन छुस गर–जंजालन मंज़।
वनुं क्याह अॅहंद्यन श्रानन तुं द्यानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
मनुं मॅकुंर्यर छिनुं ग्वडुं छलुंनावान,
मुश्कुंदार साबुंन्यव नावान तन।
बटन ज़न वॉजिमुंच़ गटुं अगिन्यानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
देवानुं गॅयि नतुं अदुं क्याह रोवुख,
मस्जिदि मंज़ ऑस्य् बॉगरान मस।
साक़ी पानुं ऑस्य् शेख मयखानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ये'त्य् छा रोज़ुन तो'तुँथुँय ऑखुँर,
वातुन छु सारिनुँय सुलि या चीर्य।
अज़ताम कुस त्रोव कबरिस्तानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।
म्युल छुस गोमुत ज़े'वि तय तालस,
त्रेशि हो'त छुनुँ कुनि हालस सूँत्य्।
"रिंद" गछ़ि ज़िन्दुँ ये'लि मय पे'यि बानन,
वाय बो'ड बोर छुम शानन प्यठ।।

गज़ल

बुतन को'रनस बो' कॉफिर हुस्नुँ मॉयिल,
ओ'नुम ईमान तस प्यठ गोस कॉयिल।
सजॉविथ पनुँनि अशुँवुँच नाज़ मॅहफिल,
वुछ़ान छुख छ्वकुँलदन हुन्द रक्से बिस्मिल।
चुँ पॉरिथ सॉर्य छुख सामानि मक़तल,
नॅहज मे'हरुँच छि या कॅहरुँच, छि कॉतिल।
मे' सोज़ोव नामुँ ह्यथ पर नामुँ बर खुद,
बजाये खत तॅमिस आव दिथ पनुन दिल।
सु करिना म्यानि अरज़ियि मे'हरुँ दसक्त,
मे' सूज़िस डालि कूरिथ चे'श्मुँ तय दिल।
सरासीमी, वरफतॉरी, रंज–ो–गम,
यि दवलथ कॅर मे' चाने द्वारुँ हॉसिल।
लुटॉविथ गव मे' शब अज़ होशियॉरी,
बो' पॉवुँनस ने'न्दि पय थो'वनम नुँ बिलकुल।
तॅमिस दुश्मन बरान गव अपज़ि पज़ि कन,
च्वयव निशि सादुँ लो'ह रूदुस बो' गॉफिल।
मे' गॅयि दूरान मॅन्ज़िल गाम दर गाम,
वतन रूदिम मे' क्वह तय नार हॉयिल।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

स्यठाह व्यो'ठ म्यानि हकॅु गव यनॅु यि ह्यनॅु आव,
दलन मंज़ पान म्योन ऑव्युल तुॅ ज़ॉव्युल।
तलब पॅज़ आसि पावुन क्याह छु मुश्किल,
करव कूशिश तुॅ हल सपदान मसॉयिल।
पॅज़ुॅय लय आसि से'ज़ सादिक नॅहॅज नय,
बखुद दियि लोसुॅ कदमन बोसुॅ मॅन्ज़िल।
नियथ गछ़ि साफ कारे नेक आसुन,
कॅरिथ संज़ पानुॅ व्वतुॅलिथ यिन वसॉयिल।
ड्यकस ह्यथ दाग सॅजिदुॅक्य् वुठ दुआगो,
गदॉयी चानि दारुॅच कांछि सॉयिल।
छि कॉत्याह दर्दमन्द मोमिन ज़ि नॉज़िल,
फिदायीन अज़ छु यवुॅ पलज़्योव कबॉयिल।
छु छॅकुॅरिथ दानुॅ बागस वानुॅ वानय,
तमाह दिथ हारि ज़ॉगिथ मारि वार्युल।
नॅ पकिहे बॅर्य नॅ लगिहे हांछ़ "रिंदस",
शराब्यन मंज़ यिथय गोस नाव शॉमिल।

गज़ल

नीकी कॅरिथ बद लो'बुम बार यारो,
सवाबव बनोवुॅहस ग्वनाहगार यारो।
खॉरस मे' शर गव, स्यज़रस मे' खुर आव,
कारन मे' आव तालिअन पार यारो।
ना करदुॅ ये'लि आय ग्वनाह म्यॉन्य् व्वतुॅलिथ,
बुॅ पनुॅन्यव अथव गोस संगसार यारो।
इन्साफ गव ज़ॉलिमन चे'श्मुॅ कूरिथ,
को'र हम जवॉनी मे' लुरुॅ पार यारो।
बो' छुस पॅथरि प्योमुत खॅजिल खार गोमुत,
खबर कर कम्युक गोम अहंकार यारो।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

तॉमीर कारो च़े' कॅम्य् लारुॅनोवुय,
पितुॅर्य खारुॅ वस्फे तबाह कार यारो।
च़े' आसिय जिगर वारुॅ शे'हलावनुॅ आमुत,
मो'न्डिस प्यठ च़ॅटिथ दिथ लॅन्डिस नार यारो।
सज़ा बोज़नुॅ ब्रो'न्ह को'र मे' सर खम डल्य्म मा,
बुथिस रंग गछ़िय मा हना आर यारो।
यि छा नॅव रॅविश सूॅत्य् पनुॅन्यन च़ॅटिथ कॅट,
थवुन सूॅत्य् व्वपरन सरोकार यारो।
लगुॅहय तबाबॅच़ अम अपुच़ बो' चान्यव,
दवुॅहव को'रुस वारुॅ बेमार यारो।
च़ुॅ बे फिकिर नेरान तुॅ आज़ाद फेरान,
बो' छुस वसवसन मंज़ गिरिफतार यारो।
हे'च़ुॅन व्वन्य् रुॅनुॅन्य् ज़ॅट तलय ओस कपुर जान,
बॅ फज़ले ख्वदा द्रास स्यठाह दार यारो।
थवू हा बो' सॉरी सफेद पोश ज़ानख,
यिमन मंज़ छि कॅहिया सियाहकार यारो।
बुथ्य्न कुन च़ुॅ यिहुॅन्द्यन मसॉ गछ़ वनय क्याह,
ज़ि कॅर्यमुॅत्य छि कम कम लुकव कार यारो।
अखा छुख च़ुॅ गॉफिल बकाया छि सॉरी,
पनुॅनिस पवस कित्य् खबरदार यारो।
पनुॅन्य् लॅन्ड छि पनुॅनी दयस पथ मे' रातस,
व्वपर जायि नो छुम यिवान वार यारो।
अजब क्याह अगर ज़िंदुॅगॉनी दगा को'र,
यि कस द्रायि अज़ ताम वफादार यारो।
"रिंदस" जाम कति च़ो'ल, मो'न्गुन वत्कि ऑखुॅर,
ति जामे शहादत सरे दार यारो।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

हिन्दी उर्दू भाग

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

तुम्हारे दर से कोई चाहने पर जो नहीं पाता।
किसी और आसतां से मांग कर भी तो नहीं पाता।।
कभी तो चाहने भर से ही भर आती हैं उमीदें।
कभी तो कोशिशों के बाद भी कुछ हो नहीं पाता।।
यह किस ज़ुल्फ़े परीशां में उलझ कर रह गया है दिल।
छुड़ाता लाख हूँ आज़ाद लेकिन हो नहीं पाता।।
निगाहों में बसाकर तुमको बेचैनी से बिस्तर पर।
बदलता करवटें रहता हूँ इक पल सो नहीं पाता।।
दरीं इफ़राते ग़म भी है अना सदराह नुमाइश की।
लबे मिजगान हैं आंसूं मगर मैं रो नहीं पाता।।
हुए जां रायेगां सजदे व ठुकराये गये जां से।
उसी इक दर से जाने क्यों किनारा हो नहीं पाता।।
पशैमानी में टपका तो झड़ी बरसात की मानन्द।
वलेकिन आंख का पानी भी दामन धो नहीं पाता।।
हुए रूस्वा जहां, पामाल जिस महफिल में अर्मां हैं।
ठहरने से भी ख़ाइफ़ हूँ, निकल भी तो नहीं पाता।।
कि हों जिसके न बाल–ो–पर कोई ज़ी रूहे बेपरवाज़।
ज़मीं पर रेंग कर छू आस्मानों को नहीं पाता।।
अक़ीदत है मगर जानिब हरम सजदा करे कैसे।
दर–हाय दैर से "रिंद" सर उठा ही तो नहीं पाता।।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

हम से गुज़री तो है आज तलक जैसे तैसे।
अब सवाल यह है कि आगे की कटेगी कैसे।।

उम्र बढ़ती गई इन्सान की जैसे जैसे।
ज़िंदगी साथ ही घटती गई वैसे वैसे।।

ज़िंदगी है कि किसी तौर गुज़रती ही नहीं।
वक्त़ कमबक्त़ लगे थम सा गया हो जैसे।।

हम से गुज़री है हमारे साथ घटा है जो भी।
ऐ खुदावन्द न करे कि घटे और किसी पर वैसे।।

तब तरस्ते थे कि फुर्सत के मिलें पल दो पल।
अब परीशां हैं कि फुर्सत में कटे तो कैसे।।

यह फ़िज़ाए कैद–ो–बंद और यह ज़बां पर ताले।
जुर्मे संगीं की सज़ा काट रहा हूँ जैसे।।

दूर होती गई और भी अपनी मंज़िल।
हम बढ़ाते गए अपने कदम जैसे जैसे।।

जाने क्यों सारे ज़माने को है रंजिश हम से।
हमने दुनिया की दबा रखी है दौलत जैसे।।

हर इक शोअ़बे की ज़रूरत है सनद याफता ज़ी इल्म।
इक सियासत में ही चल जाते हैं ऐसे वैसे।

हम भी कुछ साख–ो–रसूख–ो–अना रखते है।
कोई ग़लती से न समझे हमें ऐसे वैसे।।

कहीं साक़ी न करे कर्ज़ की देने से मना।
नक़द पीने के लिये हैं क्या तेरी जेब में पैसे।।

पीके हल्की सी वह "रिंद" के पावँ की लगज़िश।
तोबा क्या नाम लगे इल्ज़ाम लगे कैसे कैसे।।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

तुम्हें मालूम क्या, क्या क्या बलाएँ हम पै टूटी हैं।
तुम्हारे शहर की महफूज़ गलियां जब से छूटी हैं।।
हो भूकम्प, बर्क़, तुगियानी, क़हत, तूफान या आंधी।
जहान–ो–अहद की सारी बलाएँ हम पै टूटी हैं।।
न अब गुल है, न संबुल है, न झरने, झील, जंगल हैं।
ज़ुबां ही बंद है बुल्बुल की वादी जब से छूटी है।।
नसीमे तर ही बहती है न जूये शहद–ो–शीर–ो–मय।
न हूरें ही नज़र आई हैं, जन्नत जब से छूटी है।।
शजर काटो, समर कुतरो, चमन रोंदो ऐ गुलचीनो!
बहार आने से रुक पाएगी यह अमीद झूटी है।।
चमन खिलने से पहले आंधियों के हैं बहुत इम्कान।
बहार आने पै मत इतरा अभी कोंपल ही फूटी है।।
निकल आती है आहे सर्द याद आते ही बरजस्ता।
लडकपन ने उठाये लुत्फ और जो ऐश लूटी है।।
किसी की गोद में रखते ही सर और थपकियां पाकर।
जो सोये शाम को तो सुबह ही फिर नींद टूटी है।।
हों कितने मरहले हाइल, रहे मंज़िल भी हो मुश्किल।
न पस्त हैं हौसले अपने, न हिम्तत अपनी टूटी है।।
बस इक ख़ोराक ने मुर्दा बदन में जान फूंकी है।
जड़ी संजीवनी ऐ वैद किस जंगल की बूटी है।।
भरोसा करके वाइदे का रहे हम यास से लड़ते।
जो दम टूटा तो तब जाकर तुम्हारी आस टूटी है।।
इसे ऐ तिशनगी फिर से न ले चल मयकदा जानिब।
ब–मुश्किल कल से खू यह "रिंद" की कम्बख्त छूटी है।।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

क़ितआत

वोह जो होते हैं तो सब होता है,
दिल को फरहत का करब होता है,
वोह नहीं होते हैं, होता नहीं जब कुछ भी
फ़क़त इक दर्दे क़लब होता है।

अजनबी शख़्स कोई आंख को भाता क्यों है,
र्सिफ पल भर में वोह दिल में समाता क्यों है,
जान पहचान पता जिस का नहीं हो बिल्कुल,
उसको लेकर कोई ख़्वाब सजाता क्यों है।

यह जो इक दर्दे क़लब होता है,
उनकी फुरक़त के सबब होता है,
रात का कटना होया फिर दिन का गुज़र,
रोज़े महशर सा गज़ब होता है।

खुद भी आते नहीं हमको भी बुलाते नहीं,
ख़त तो लिखते नहीं पैग़ाम भी आते ही नहीं,
फिर मरासिम का वोह दम दूर से भरते क्यों हैं,
उनसे पहचाने जो हम सामने जाते ही नहीं।

न हवा ही रास, पानी भी मुवाफ़िक यां नहीं,
एक ड़र्बा है किराये का सहन जिसका नहीं,
है कयामत की हमारी यह ग़रीब–उल–वतनी,
कि जमीं भी ग़ैर है और आसमान् अपना नहीं।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

हर इक इन्सां को अपने ढ़ंग से जीने का हक़ दो,
गरज़ आज़ादिये मज़हब हक़े मुआश–ओ–रिज़कदो,
रवादारी, अमन, जम्हूर की ऐ कीर वालो !
मिसालें फिर करो पैदा, जहां को फिर सबक़ दो।

शहरे अनजान में हम होगये रहकर गुमनाम,
न कोई रुतबा है अपना न कोई अपना मक़ाम,
घर में बे घर हैं मरासिम तो किसी से भी नहीं,
अजनबी है हर पड़ोसी न दुआ है न सलाम।

उसकी आंखों में अजब बैर सा क्यों है,
वह इधर अपना उधर ग़ैर सा क्यों है?
जिनमें गुज़रा है लड़कपन–ओ–जवानी अपनी,
कूचा बेगाना शहर ग़ैर सा क्यों है ?

कभी राह शहर की है तो कभी रुख गांव का है,
मन कभी बन का करे, जी कभी सहराओं का है,
इस क़दर लत है कि पाये कहीं टिकते ही नहीं,
पीछे आवारगी के एक चक्कर पांव का है।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ग़ज़ल

अ़दू पीछे पड़ा है हाथ धोकर,
हमें रहना पड़ेगा लैस होकर।
रहे हमगाम में पत्थर बिछाकर,
गिरोगे तुम भी इक दिन खाके ठोकर।
हुए जब पैर छलनी तब यह समझे,
कटेगी फसले गुल क्या खार बो कर।
तुम्हारी करदनी पे है मुनहसर है,
कि काटो ज़िंदगी हंसकर या रोकर।
टपकती है नहूसत हर अज़ू से,
यह किस मकरूह से आये तन भिगोकर।
मुसॅली पर निशीं होने से पहले,
वज़ू के साथ आ का दामन भी धोकर।
चुभे जब यादे माज़ी ख़ार बनकर,
बदन के घाव रहजाते हैं चोकर।
क़हत ईमान का ऐसा पड़ा है,
कि खाये आदमी भैंसों का चोकर।
वोह खुद खिदमत में रहता है किसी की,
तुम जिस मालिक के घर रहते हो नौकर।
सफ़ीनो! खुल के लहरों से न खेलो,
कहीं रह जायें न तुम को डुबो कर।
महल सपनों के सब मिसमार होंगे,
सुबह जागोगे तुम जब रात सो कर।
तबीयत में हिसासत इस क़दर है,
कि दिल में दर्द रहजाये समोकर।
ज़ुबां कुछ शेख की सी बोलता है,
"रिंद" आया तो नहीं मस्जिद से होकर।
ख़ुमार आंखों में और अंगड़ाइयां मस्त,
कि जागा हो कोई ज्यूं रात सो कर।
छुपाने के लिए "रिंद" अपने आंसूँ,
बना है मस्खरा सर्कस का जोकर।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

अगर तुम ठान लो

(यह नज़्म फर॰ 1993 ई॰ की लिखी हुई है।)

मुल्क में पिछले दिनों माहोल हैबतनाक था,
मादरे हिन्दोस्तान का ग़म से सीना चाक था।
एक सदियों से खड़ा ढ़ांचा बदस्ते फितनागर,
अज़ जनूने मज़हबी, पल भर में ढ़ेरे खाक था।

यह वोह ढ़ांचा था कि जिसमें थे मुकीं इक ओर राम,
दूसरी जानिब थी सजदा–गाहे अहले अल–सलाम।
मुल्क की अज़ीम रिवायात का वोह यादगार,
कर दिया मिस्मार तेरे नाम लेवाओं ने राम।

क्या गिरा ढ़ांचा कि जैसे बांध हो टूटा कोई,
इक दबा आतिश–फिशां खूनीन हो फूटा कोई।
चल गये चाकू, छुरी, बंदूक, बम फटने लगे,
मर गया सदमों से ज़िंदा इनसे गर छूटा कोई।

हो गई इन्सान पर तो इसक़दर वहशत सवार,
भाई ने भाई दिया, हमसाया ने हमसाया मार।
तोबा तोबा ज़ुल्म कि शैतान भी मांगे पनाह,
अक्ल का बेचारगी में था गिरेबां तार तार।

बेचारगां पर आस्मां सा नागहां टूटा था जो,
रो रहा था माल को अस्मत को कोई जान को।
मफलूज सा कुछ इस तरह बस दूर से देखा किया,
हाकिम कि मुलाविस हो, अपाहिज हो या अनजान हो।

चाहे वोह बाबर से थी वाबस्ता या थी बावरी,
इस इमारत पर फरीकां दो की थी हक़–आवरी।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

एक का दावा है कि श्री राम जन्मे थे यहां,
दूसरा कहता है यां उतरा था लश्कर बाबरी।
यह नहीं मुस्लिम को उक़दा हिन्दुओं को प्यार था,
सिर्फ हठ धर्मी थी, ज़िद थी, जज़बये यक ख़ार था।
साथ इस बूसीदा ढ़ांचे के वतन की साख का,
मो–अत्सिब हाथों से आलीशां महल मिस्मार था।
काश कुछ इक मोअतिबर दानिश से लेते काम तो,
मशवरा आपस में कर क़ज़िये की लेते साम तो !
और कुछ ले दे के बाहम मामला करते रफ़आ,
भांप कर माहोल कुछ जज़्बात करते राम तो।
इक ज़रा भी करदने खुद पर पशैमानी हो गर,
तेरे अन्दर कुछ भी बाक़ी वस्फ़े इन्सानी हो गर।
पोंछ लो आंसू उन सबके जिन पै टूटा है कहर,
तोबा करलो फिर न फैले शर–परस्ती का ज़हर।
मशवरा है इक बनादो अम्र की मान्या स्तून,
मुल्क में अब फिर न हो मुल्क कभी भी कुश्त–ो–खून।
ढ़ेर पर मलबे के रखदो इक नुमायां संगे लोह,
कुंदः करदन "यां दफन हैं मज़हबी शर–ो–जनून"।
अब पशैमानी से अपनी ग़लतियां पहचान लो,
तुम भी अपनी मान लो और तुम भी अपनी मान लो।
मन्दिर–ो–मस्जिद ही क्या, हरगिज़ किसी मसले को ले,
अब न होंगे फिर कभी दंगे अगर तुम ठान लो।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ग़ज़ल

बर्क़ सीने में निहां नार–ो–क़हर रखती है,
बाल–ो–पर, मस्कन–ो–खिरमन की खबर रखती है।
बस सिदक़ चाहिये यक जज़्बये शोक–ो–तलाश,
खाक सीने में वसीह गंजे गौहर रखती है।
कुछ मेरा दायिरए अल्फ़ाज़ ही तंग है यारो,
फ़िक्र वरना मेरी फर्राख बहुत पर रखती है।
हुस्ने बरहम लिये आता है नंगी तेगे दोदम,
आश्की हंसते हुए काठ पै सर रखती है।
सुर्खियां और रुखे नाज़ पे लाती है हया,
ताबिश उठाके अगर कोई कसर रखती है।
हो तवां कौम भले कितनी ही ख्वाहीने अमन,
अपने बाज़ू में वह तलवार मगर रखती है।
भड़क उठती है जो फिरका परस्ती तो उजाड़,
खेत, खलियान, घर–ो–गाम–ो–शहर रखती है।
"पूतना" की तरह मिट जाती है खुद ही जो क़ौम,
भर के औरों के लिये दर सीना ज़हर रखती है।
इक उसी क़ौम के बढ़ते हैं तरक्की पे क़दम,
हुब–उल–वतनी से जो बांद कमर रखती है।
मरहबा शोख़–व–रंगीन मिज़ाजीये बहार,
गुल–ो–ग़ुंचा से लदे शाख–ो–शजर रखती है।
दिन में ताबानिये शम्स जवां रहती है,
रात आंचल में अंजुम हा व क़मर रखती है।
दिल वह दिल जिस में सदा दर्द जगा रहता है,
आंख वह आंख जो रहमत की नज़र रखती है।
खुल्दबीनी न कर ऐ "रिंद" कि कमबख्त यह मय,
क़तरे क़तरे में निहां नारे सक़र रखती है।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

नया साल तुमको मुबारक हो भाई !

नया साल तुम को मुबारक हो भाई,
तुम्हें भी, तुम्हें भी मुबारक हो भाई।
यकुम जनवरी दो–ो–दो सौ दहाई,
नये हौसले वलवले लेके आई।
नई सुबह इस दिन की लो मुस्कराई,
नया साल तुम को मुबारक हो भाई। .....नया साल.....
अवल आप खुशहाल–ो–तंदरुस्त रहिये,
फिर ज़िंदगी भर कोई दुख न सहिये।
साबित कदम राहे मंज़िल पे रहिये,
लड़ें आप सच की धरम की लड़ाई। .....नया साल.....
हो हर रोज़ ही ईद हर शब दिवाली,
न हो तंगदस्ती न हो जेब खाली।
फूले फले सबके घर ड़ाली ड़ाली,
किसी घर में शादी, किसी घर सगाई। .....नया साल.....
सलामत रहें जोड़ियां मेरे मालिक,
मुरादें हों पूरी नई हों या साबिक।
हाजत रवाई की तौफीक़ दे हक़,
बड़े दिन–ब–दिन हर बशर की कमाई। .....नया साल.....
भटकों को राहें व रहरव को मंज़िल,
बिछड़े मिलें ज्यों मिले गुल से बुलबुल।
नफरत अदावत से हो पाक हर दिल,
न हो कोई झगड़ा, न कोई लड़ाई। .....नया साल.....
इल्म–ो–हुनर आप सबको अता हो !
बुरी आदतों से सदा दूर रहियो।
रोशन नई पौद का मुस्तकबिल हो,
बच्चो करो दिल लगा कर पढ़ाई। .....नया साल.....
रहे गर्दिशे जाम हरदम सलामत!
पियें सब मये रास्ती, प्यार–ो–उल्फ़त।
निशस्तंद महफिल रहे ता क़यामत,
दुआ यह लबे "रिंद" अल–अल–सबुह आई। .....नया साल.....

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

आँखों के रास्ते जो दिलों म उतर गई,
माइल वह जिस्म–ो–जान को तस्वीर कर गई।
देखे से उनको दूर से पल भर तमाम उम्र,
जलवे थे चार सिम्त जहां तक नज़र गई।
थी शोख भी गज़ब की चोकस बला की थी,
आहू खराम अपने ही साये से ड़र गई।
कौंदी बस इक झलक भर बिजली सी ख्वाब में,
सूरत न पूछ करके क्या दिल का हशर गई।
आवाज़ थी कि साज़ था छेड़ा हुआ कोई,
मुतरिब ने, जिसकी तान हवावों में भर गई।
यह उसकी हंसी का ही करिश्मा है देखिये,
फूलों से ड़ाल ड़ाल गुलिस्तां की भर गई।
उड़कर हवा के दोश पर खुशबूये ज़ुल्फ़े नाज़,
गुलशन के हर इक गोशये गुल में बिखर गई।
सुंबुल ने सब्ज़ा पकड़ा, फूलों ने रंग–ो–बू,
उन तक बहार आने की ज्यूं ही ख़बर गई।
इक तिलिस्मे बहार से आकर शबाब में,
हर बाग़ में कली कली खिल कर निखर गई।
हमराह बहार के किसी गुलफाम की आमद,
दोबाला करके रोनके गाम–ो–शहर गई।
दिल में हुई मुपीद क्या दीदार की तलब,
नींद उड़ गई हमारी भूक प्यास मर गई।
बिगड़े हैं उनके जब से अदू से तआलुकात,
कुछ कुछ हमारी तब ही से कुर्बत संवर गई।
अब तक जो मेरी चाल थी बे तौर बेढ़ंगी,
निसबत से उनकी दफ़अतन बिल्कुल संवर गई।
वीरानगी के "रिंद" के थे अज़ल से आसार,
जब ही तो हर सलाह उस पर बे असर गई।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

हाय! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया

सन् नवासी से सुनिये कि कैसे अहले ज़ुन्नार अपने वतन से,
बशरारत भगाया गया, हाय! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
मस्जिदों से उठी यह सदा है हर हिन्दू हरीफे खुदा,
अहले दीं भड़काया गया, हाय! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
चाल दुश्मन ने ऐसी चली, मुजस्सम हर जवां सादगी,
बहकावे में लाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
ज़ोरो–जबरो–ज़बरदस्ती, खूनरेज़ी व शर परस्ती,
बच्चा बच्चा सिखाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
बदसलूकी व बददियानती, इक्तिसादी व मुआशरती,
फुतवये शर लगाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
पार सरहद जवां चल दिये, वांपे तरगीबो ट्रेनिंग के मय,
लुक़मये शर खिलाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
इक मुसल्ल्हे, बग़ावत उठी, मद़दो–शह पड़ोसी की थी,
महाज़ घर–घर बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
ग़दर मिलकर पुलिस फौज से, यानी सरकारे मफ़लूज से,
मुतलक न दबाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
अल्टिमेटम दिया आ मिलो, जल्द भागो वगरना मिटो,
खोफे इबरत दिलाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
लोग हैरान थे क्या करें, धमकियों से ड़रें ना ड़रें,
तकिया–ए–हमसाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
हशर उनका मती पूछो, धमकिये हाय संजीदा को,
कर दिया जिसने आया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
बम लगे जा–ब–जा फूटने, बे गुनाह पर सितम टूटने,
घर से बाहर न जाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
बदज़नी की मती पूछो, यौमे आज़ादिये हिंद को,
यौमे मातम मनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu
हौसले इस क़दर बढ़ गये, थामे जम्हूर को हर नये,
परचमे हिंद जलाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
फिर हुआ हुक्म सादर, सुनो! रोशनी घर में बिल्कुल न हो,
सिविल करफ़्यू लगाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
शाम पड़ते ही सुनसान से, कूचा–ओ–राह लगने लगे,
ड़र हर इन्सान से खाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
घूमने लगे नकाब पोश, लेके बन्दूक बालाय दोश,
बे धडक घर में आया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
बन गई वजहे गारतगरी, झूट की तोहमते मुख़बरी,
हर बहाना बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
छाप दी और की चस्पान, एक उनकी फिरिस्ते रवान,
जिन पे फतवा लगाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
कुछ को फांसी चढ़ाया गया, कुछ को जीता दफन कर दिया,
कुछ को ज़िंदा जलाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
सनसनी, खौफ़–ो–दहशत बड़ी, चार सू फैली ज़ुलमत घनी,
आजज़ों को छुपाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
उनकी नज़रों से बच न सका, चाहे कोई कहीं था छुपा,
बस निशाना बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
ढूंढ़ पाये न मज़लूम को, तो पड़ोसी कहा कि 'रुको',
जाये मख़फ़ी दिखाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
फिर चली एक गोली कि 'ठक', बेगुनाह हो गया जांबहक़,
खूने नाहक बहाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
बोली बेवा "मुझे भी करो, अपने स्वामी के संग सुर्खरो,
मेरे सर से यह साया गया", हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
"तुमको छोड़ा है, रो रो करो, मरने वालों का मातम, सुनो,
हम जो हैं फिर तेरा क्या गया", हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
खोफ़ हावी हुआ इस क़दर, गर गया कोई अपना भी मर,
संग मय्यत न जाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
फिर तश्शद्दद की हद हो गई, अस्मतें ज़न की लुटने लगीं,
CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

बिरहना तन चिराया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
छोड़ना था न आसान पर, सरो सामान, खलियान, घर,
ज़हर जानकर न खाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
थे परेशान जायें किधर, तिफलो–ज़न लेके मादर पिदर,
जाते जाते जो पाया गया!? हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
मच गई इस क़दर खलबली, सूये परदेस टोली चली,
साथ कुछ ना उठाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
मुंह अंधेरे क़बीले चले, खामशी से, कोई न सुने,
सिसकियों को दबाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
फिर फटे हाल परदेस में, चीथड़े सिलके खीमे बने,
इक बयाबान बसाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
मरहबा मुल्के हिन्दोस्तान, जां वतन में ही बाशंदगां,
को मुहाजर–बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
नामुवाफिक़ हवा–ो–फिज़ा, हर तरफ फिर रही थी कज़ा,
सोग हर दिन मनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
खेत खलियान, घर, मालो–ज़र, छोड़ आये उन्हें इक नज़र,
देखने फिर न जाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
हाय अफ़सोस यह मुफ़लिसी!, याद कर पिछली आसूदगी,
अश्के मातम बहाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
ऐसी भी हैं मिसालें बेशक, जान पर खेलकर जिनमें हक़,
दौस्ती का निभाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
फिर घरों को जलाया गया, मंदिरों को गिराया गया,
शहर वीरान बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
जोर वादी में बढ़ता गया, दहशत गरदी का जब निशाना,
मुसलमान भी बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
आंसू रोये न क्योंकर हज़ार, देखकर हर तरफ़ मरगुज़ार,
दिल जो मदफन बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।
अलगरज़ वादिये इक हसीं को, "रिंद" जन्नत बरूये ज़मीं को,
मिसले दौज़ख बनाया गया, हाय ! क्या ज़ुल्म ढ़ाया गया।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by MKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ग़ज़ल

अपनी किस्मत को बनाने निकले,
हम भी क्या हद के दिवाने निकले।
अब भला किस से रखें कोई उमीद,
जबकि अपने भी बेगाने निकले।
मानाए वस्ल थे जो भी हालात,
वोह तो सब झूटे बहाने निकले।
हम ने खाया नहीं बेफिक्र कभी,
जब से हम रोज़ी कमाने निकले।
काबिले दाद है जुर्रत उनकी,
जो बयाबां को बसाने निकले।
भरी महफिल से लिये दीदये तर,
अश्क खिलवत में बहाने निकले।
होके दुनिया में जो दुनिया के न थे,
वोह दीवाने ही सियाने निकले।
साथ मय्यत के जनाज़े में मेरे,
वोह फ़क़त रस्म निभााने निकले।
संग बच्चों के बड़े बूढ़े भी,
संग मजनूं पे उठाने निकले।
हाय अफ़सोस ! नये जानी दुश्मन,
सब मेरे दौस्त पुराने निकले।
जब लगी होंटों से मदमाती लहर,
पत्थरों से भी तराने निकले।
इश्क़, कुर्बानी, वफ़ा के क़िस्से,
सब के सब झूटे फ़साने निकले।
दर नफ़स आंत दहन दांत नहीं,
और तुम इश्क लड़ाने निकले!
लोग हंसते हुए गलियों गलियों,
तमस्खुर ग़म का उड़ाने निकले।
आज मस्जिद में मये इरफाने सिदक़,
"रिंद" वाइज़ को पिलाने निकले।
पीके मयखाने से, तक़वा का सबक,
"रिंद" ज़ाहिद को पढ़ाने निकले।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

हाय नूरे नज़र !

रश्के फिरदास मेरे वतन, लग गई तुझ को किसी की नज़र,
पड़ गई ज़र्द हरियालियां, फूल कुम्हला गए शाख पर।
तेरे बागों से रूठी बहार, ड़ाल बैठी है ढ़ेरां खिज़ां,
फीकी फीकी हैं रंगीनियां, सूखे सूखे हैं शाख–ो–शजर।
उड़ गई गुलिस्तां से महक, बुल्बुलें भूल बैठीं चहक,
नोच ड़ाले हैं गुलचीं ने फूल और सैयाद ने बाल–ो–पर।
अब न मेवों में तेरे मिठास और न आते हैं दाने ही रास,
रस वह सारे हैं तुर्श–ो–तलख, जिन के आगे थी फीकी शकर।
अब कहां वह हवा मोतॅदिल ड़ालती थी जो मुर्दा में जान,
हर तरफ है धुआं ही धुआं एक घना दम घुटाता कुहर।
अब न सैयाह हैं ना चहल न वोह मेले न वोह रौनकें,
झील अफसुर्दा हैं, सोगवार हैं शिकारे मलाह खाकसर।
तेरे बागों में बम उग रहे और खेतों में फसले बलम,
बर्क़ रक्सां है हर गांव में, सोख्ता है तेरा हर शहर।
खूं उगलते हैं चश्मे मेरे, झील लाशें बजाए कमल,
जिन में अमृत रवां था कभी है उन नालों का पानी ज़हर।
कोहसारों की बारूद से कोख भरदी व शोले भरे,
बर्फ़ज़ारों की आगोश में, वादियों में सिलाहे दिगर।
अब न हैं वोह रवादारियां, यारियां गहरी दौस्तदारियाँ,
एक दूजे पर मरते थे जो लड़ के जाते हैं आपस में मर।
हिजरते तायराने वतन ज़ुल्म–ो–दहशत से ड़र ऊब कर,
क़ौम ऐसी हुई मुन्तशर मां कहां बाप बेटा किधर।
भूल बैठे हैं बाशंदगां, खुल के हंसना, खरा बोलना,
लोग करते हैं सर गोशियां, इस कदर दिल में बैठा है ड़र।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

जिन में होते थे नग्मे रवां, हैं उन गलियों में नाले बलंद,
सिस्कियां आरही हैं घरों में हंसी जिन में थी मोअतबर।
तेरे जायों के वहशियानापन से हैं सहमे हुए जानवर,
इस क़दर कर रहा हेालनाक आदमी आदमी का हशर।
जिन को तूने पिलाया किया अपनी छाती का अमत सा दूध,
ले गई उनकी गारतगरी तेरी रानाइयां लूट कर।
नाक़स इस दर्जा माहौल है रात को छोड़ दिन दिन में भी,
आए परछाइयों से हिरास, आए साए से अपने ही ड़र।
मोत मंड़ला रही हर तरफ अब तो बिल्कुल भरोसा नहीं,
सुबह का घर से निकला हुआ ज़िंदा लौटेगा भी शब बशर।
जिसको देखो परेशान है, ग़मखुर्दा, गिरयान है,
बेटी अगवा है या बाप गुम या कहीं मुर्दा लख़ते जिगर।
शंख खामोश है और अज़ां मुआज़न की है सहमी हुई,
दैर मिस्मार हैं और हरम आततायों की साज़िश के घर।
मैकदे कब से वीरान हैं, कहवा खाने कुफल देर से,
रिंद फिरते हैं तशना दहन, और ज़ाहिद की जां होंट पर।
इस क़दर हैं हरासां की बस धुन रहे हैं शब–ो–रोज़ सर,
दिन–ब–दिन तेरी हालत बिगड़ती हुई देखकर चारागर।
यह न सोचा था इतना बुरा होगा अंजाम हरकात का,
कि रहे न दवा में शफ़ा, कि रहे न दुआ में असर।
खल्क़ बीती तुम्हारे यहां की है इक दास्ताने दराज़,
मुख्तसर यह कि दुशवार है वहश–ो–तीर–ो–बशर की गुज़र।
ज़र्द चेहरा है आंखें धंसी, जिस्म लागर, अज़ू लक़वाज़न,
हाय नूरे नज़र तुझ पे किस मूई डायन ने फैंका सिहर।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

ग़ज़ल

छत पे बरसा है महकता पानी,
ज़ुल्फ़े मुशकीं से टपकता पानी।
धूप में कौसे क़ज़ा बन जाये,
वह जो ज़ुल्फों से झटकता पानी।
ग़म से लबरेज़ दीद–ये–तर से,
रोज़ बरसे है सिसकता पानी।
क़हत पड़ता ही न देहकां मरता,
गर न खेतों से झिझकता पानी।
कभी दरिया को भी प्यासा रखदे,
खुद किनारों से खिसकता पानी।
किसी बल खाती कमर की मानंद,
रौ में बहता है लचकता पानी।
मुन्तज़िर हे किसी आंचल का बदेर,
भीगी पल्कों पे लटकता पानी।
जम के बरसे कोई मांगे रब से,
और कोई काश कि रुकता पानी!
प्यासे राहगीर को लगता है सराब,
दूर सहरा में चमकता पानी।
देख बादल न बहकता पानी,
न किनारों से भटकता पानी।
बन के सैलाब बहा ले बस्ती,
चश्मे ग़मगीं से टपकता पानी।
कोई तरसे तो किसी आंख को मुतलक,
एक क़तरा भी खटकता पानी।
ले किनारे ही चला जाता है,
मौजे दरिया में बिदकता पानी।
सरे मुफ़लिस है कयामत टूटी,
छत से झोंपड़ के टपकता पानी।
गर न बहतीं यां नशे की नदियां,
बंद बोतल में न बिकता पानी।
मय कशी पर जो न बंदिश होती,
"रिंद" के घर न फटकता पानी।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

दिल ने जो चाहे भला वह काम कब हो पाये हैं,
उनके ग़म में खुल के खिलवत में कहां रो पाये हैं।
मेरे दिल से चैन आंखों से चुराकर नींदं वह,
खुद भी शब आराम से पल भर कहां सो पाये हैं।
मुफ़्त में मिलते नहीं सामाने इशरत माल–ो–ज़र,
खोये हैं ईमान कुछ सुख चैन कुछ तो पाये हैं।
आबे ज़म ज़म गंग जल या अश्क पछतावे के हों,
दागे़ दामन सात सागर भी कहां धो पाये हैं।
आदमी के जब्र का रब ने दिया क्या मुआविज़ा,
खो गई अपनी ज़मीं पर आसमान तो पाये हैं।
इस बियाबां में खुले यह आसमान के साये भी,
खोये हैं अपने गुलिस्तान में निशां तोपाये हैं।
कमतरीं था बेश था या ग़मज़दी थी ऐश थी,
हमने आंखों से लगाया वक्त से जो पाये हैं।
आखरत में क्या जज़ा काटेंगे, भागमभाग में,
ज़िंदगी की, हम कोई नेकी कहां बो पाये हैं।
अब ज़रूरत चार कंधों की है दहने गोर तक,
हम ब–मुश्किल जां अकेले मर्ग तक ढ़ो पाये हैं।
लड़खड़ाते हैं क़दम जो वह तो जाते हैं लुड़क,
हर बुलंदी सर वह करते हैं अडिग जो पाये हैं।
छोटी से भी छोटी रहमत की क़दर करते हैं वह,
जो बड़ी महरूमियत से आशना हो पाये हैं।
शेख को कुछ और तब से रास आता ही नहीं,
जब से "रिंदों" के करम से मैकदा हो पाये हैं।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

कुछ और उनकी सूरत निखरती है यारो,
जो शानों पे काकुल बिखरती है यारो।
कुछ ऐसा है उनकी जवानी का आलम,
कि उन पर बहारें भी मरती हैं यारो।
पैनी छुरी सी वह पुर आब सूरत,
निगाहों से दिल में उतरती है यारो।
हो बिगड़ी अज़ल से खुदा के फ़ज़ल से,
जो हालत वह फिर कब सुधरती है यारो।
कि मानन्दे ज़ुल्फ़े परेशान नाज़ुक,
तबीयत बिगड़ती संवरती है यारो।
बड़ी सर चढ़ी है यह मैखाने वाली,
ज्यों नीचे गले से उतरती है यारो।
लड़कपन की पाली मै–ो–जाम वाली,
आदत यह अब क्या सुधरती है यारो।
मये इश्क़ की तलखियां बस न पूछो,
कुतरती कुतरती उतरती है यारो।
नहीं बस में हर इक के जां से गुज़रना,
वफ़ा हे जो सब कर गुज़रती है यारो।
सुनने पे आता है मुंह को कलेजा,
वफ़ा में जो जां पर गुज़रती है यारो।
इक अहले नज़र के लिए बज़्मे दुनिया,
दिन रात सजती संवरती है यारो।
कि इस अहदे तुंदगाम में अहले हिंद की,
खिरामां खिरामां गुज़रती है यारो।
ये ठहरे हुए वक्त के उल्टे तेवर,
न पूछो कि कैसे गुज़रती है यारो।
नहीं जां से आगे कोई और मंज़िल,

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

यह गाड़ी नहीं जो ठहरती है यारो।
मये इश्क "रिंदे" तबाह हाल के सर,
जो चढ़ती है मुश्किल उतरती है यारो।

गज़ल

जब भी कभी उस मेहरवश का नाम लीजिये,
दिल को संभालिये, जिगर को थाम लीजिये।
आते हैं तस्सवुर में लबे नाज़ निगहे मस्त,
होंटो से जब भी नामे खुम–ो–जाम लीजिये।
दिल है कि उल्झे जारहा है तार तार में,
थोड़ा संवार गेसुओं का दाम लीजिये।
कभी कभार दिल की भी सुनिये ज़रूर, पर
अक्सर शऊर–ो–अक़्ल ही से काम लीजिये।
माना बहुत बदनाम हैं हम फिर भी खुदारा,
किस किस गुनाह का अपने सर इल्ज़ाम लीजिये!
ले लीजिये दो घूंट जो मौका हो, महल हो,
यह क्या कि अकेले ही सरे शाम लीजिये।
औरों की तरह मुन्तज़िरे निगहे इल्तेफ़ात,
हम भी तो हैं हमारी भी सलाम लीजिये।
मंज़िल पे पहुंच जाओ तो है चाहना बजा,
कुछ बैठ के सुस्ताइये आराम लीजिये।
"रिंद" और मै–ो–बादह से परहेज़ ! शेख जी,
तौबा कीजिये, खुदा का नाम लीजिये।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

होली

भुला दो सब गिले शिकवे ओ' बांटो प्यार होली में,
रिवायत है गले लगना, तो लग जा यार होली में।
वह अबतक टालते आए बग़लगीरी बहानों से,
कहां जाएँगी बचकर कल मेरी सरकार होली में।

वह शातिर हैं तो हम भी कम नहीं मुस्तैद, कल उनको,
रंगे हाथों पकड़ लेंगे सरे–बाज़ार होली में।
कोई थैली में भर कर रंग तो पिचकारियां कोई,
गरज़ रंगीनियों से हैं सभी तैयार होली में।

इधर बांके उधर छेले, इधर बच्चे, उधर बूढ़े,
बनाकर टोलियां आये हैं सब दिल दार होली में।
कोई बंगड़ा, कोई रंबा, कोई ड़िसको कोई गरबा,
चले हैं चाल बेढ़ंगी भी मेरे यार होली में।

कोई ठर्रा, कोई विस्की, कोइ दम या कोई चुस्की,
या पीकर भांग झूमे हे, कोई दमदार होली में।
इधर भीगी हुई अंगिया से जोबन फूट पड़ता है,
धमक उठे हैं रंगो से उधर रुखसार होली में।

तरसते हैं जो मुशताकां उन्ह यह खुश खबर दे दो,
कि होंगे आम सब खूबान के दीदार होली में।
बिखेरे बाल–ो–रंगीन जमाल हाय क्या कमाल नाचे है!
हिरन की चाल लचकीले बदन की नार होली में।

बजाओ ढ़ोल मंजीरे ओ' गाआ होरियां सारे,
उतर आयेंगे राधा संग कृष्ण अवतार होली में।
रंगो तनमन हरी के प्यार में ऐसे कि मतवालो,
कृष्ण हर नर लगे, राधा लगे हर नार होली में।
जनाबे "रिंद" तो वैसे ही हर दम चूर रहते हैं,
वलेकिन शेख़ जीको भी नहीं इन्कार होली में।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

गज़ल

जिन्हें हो आगही मतलूब, वह सब जामे जम ले लो,
तलबजू बे खुदी खुमरे सूबये नीमखम ले लो।
ब–सद शुक्राना मोहतातन मगर उनका करम ले लो,
सर आंखों पर मस्सरत से हर इक उनका सितम ले लो।
गटागट नोश करना बेसलीक़ी है, मज़ा जब है,
कि ले लो चुस्कियां ओर चुस्कियों के दम ले लो।
न पानी बज़्म में अच्छा नहीं, रस्मन व इखलाकन,
अगर कड़वी बहुत लगती हे तो थोड़ी सी कम ले लो।
बहाने इश्तिहा कम, ख्वाब कम, या शिद्दते सर्दी,
शबे माह रोज़े अबरो सुबहे शादी, शामे ग़म ले लो।
रफ़ीकों ने ज़बरदस्ती पकड़कर मुंह में ड़ाली है,
यकीं मानो छुई भी हो, जो चाहो तो कसम ले लो।
न हो जो होश में शायद नशे में हो सके मुमकिन,
गिरो कुछ लडखडा कर यों कि बोसये कदम ले लो।
गरज़ मकदूर से है वरना पीने के लिए चाहे,
सबू लो, जाम लो, सागर लो, कूज़ा लो या ख़ुम ले लो।
हैं मैखाने में नाना किस्म पर अपनी पसन्द पर है,
बियर, विहस्की, या मार्टीनी या जिन, ब्रांड़ी या रम ले लो।
है दिल की कैफ़ियत पर मुनहसर सोहब्त हो या खिल्वत,
कि तनहा ग़म में खुशियों में रफीकों के बहम ले लो।
तेरी कमज़रफियां हम जानते हैं पर सरे महफिल,
बराये नाम रखने भर को रिंदी का बरम ले लो।
सुना है मै फ़रोशी पर अदम में सख्त बंदिश है,
तो धंधा खूब जल सकता है गर थोड़ा जोखम ले लो।
कुछ आगे की है ऐ "रिंद" वक्ते आखिर सोचना अच्छा,
कफ़न में चंद बोतल बाबते राहे अदम ले लो।

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

FIRAAQ-E-WATTAN

Collection of Kashmiri and Urdu poems

By

SH. HIRDAY NATH KOUL "RIND"

हृदय नाथ कौल "रिंद"

Angad Business Center (Printers)
69, Chand Nagar, (Indira Hotel Lane) Jewel Chowk, Jammu.
Ph. : 0191-574004, 544483

CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh.Funding by IKS-MoE-2025-Grant